HINDUSTAN PAGE 6

एलयू के नए परिसर में पहली बार होगा दीक्षांत

तैयारी



लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारियां जारी हैं लेकिन अभी तक तारीख तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि दिसम्बर माह में दीक्षांत समारोह होगा। हालांकि 2022 में होने वाले दीक्षांत समारोह को विविध रंगों से सजाने और अलग पहचान देने की तैयारी हो चुकी है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दीक्षांत से सम्बद्ध कॉलेजों को जोड़ने की तैयारी की है।

सोमवार को कुलपति ने राधा कमल मुखर्जी सभागार में हरदोई और रायबरेली के महाविद्यालयों के प्राचार्य के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने दीक्षांत समारोह और स्थापना दिवस में भागीदारी सुनिश्चित करने का कहा। प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि दीक्षांत समारोह का आयोजन न्यू कैम्पस में खुले में करने का विचार किया जा रहा है। जिन कॉलेजों के अपने झण्डे उनकी पहचान हैं उनको दीक्षांत समारोह में लगाया जाएगा। सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य को भी आमंत्रित किया जाएगा।

बैठक में कुलपति ने प्राचार्यों से आगामी परीक्षा को देखते हुए सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि सीट बढ़ोतरी की प्रक्रिया को जल्द पूरा करें।

10 जनवरी तक आवेदन की तिथि बढ़ाने की मांग रखी

छात्रवृत्ति तिथि बढ़ाने के लिए सीएम को भेजा पत्र

लखनऊ विश्वविद्यालय के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सोमवार को उत्तर प्रदेश स्कॉलरशिप एवं शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदन तिथि को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री, समाज कल्याण विभाग, एलयू वीसी और रजिस्ट्रार को ईमेल से पत्र भेजा। स्कॉलरशिप एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की आवेदन सीमा सात नवम्बर को खत्म हो चुकी है। छात्र-छात्राओं ने तिथि को कम से कम 10 जनवरी तक बढ़ाने की मांग की। वहीं विवि ने पीजी प्रवेश प्रक्रिया के अन्तर्गत सोमवार को दो पाठ्यक्रमों को सीट आवंटन जारी किया।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : पहली बार न्यू कैंपस में होगा दीक्षांत

संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों संग कुलपति ने की बैठक

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि सत्र 2021-22 के दीक्षांत समारोह का आयोजन पहली बार न्यू कैंपस में 12 दिसंबर को करेगा। इस बार दीक्षांत समारोह में व इससे पहले होने वाले आयोजनों में संबद्ध कॉलेजों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आरके मुखर्जी सभागार में रायबरेली और हरदोई जिले के संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी पांच जिलों लखनऊ, रायबरेली, सीतापुर, हरदोई व लखीमपुर खीरी के कॉलेज अपने-अपने महाविद्यालयों के झंडे समारोह स्थल के आसपास लगवाएंगे। इस दौरान होने वाले उत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी कॉलेजों के विद्यार्थियों को शिरकत करने के लिए कहा गया है। प्रो. राय ने बताया कि कोविड की वजह से पिछले दो साल से दीक्षांत समारोह औपचारिक किया जा रहा था। इस बार पूरी भव्यता के साथ होगा। वहीं मंच से सभी 190 मेडल का वितरण किया जाएगा। कॉलेजों को 25 नवंबर को होने वाले विवि के स्थापना दिवस समारोह में भी शिरकत करने को कहा गया है।

को-कॅरिकुलर व वोकेशनल की सूची वेबसाइट पर

कुलपति प्रो. राय ने कॉलेजों को सत्र 2022-23 को लेकर व्यवस्थाओं को बेहतर करने का निर्देश दिया। कहा, विवि द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए वोकेशनल और को-कॅरिकुलर कोर्सों का निर्धारण किया गया है। जल्द ही इसकी सूची वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। कॉलेज अपनी सुविधा के अनुसार इसमें से कोर्स चुनकर उसे लागू करें।

खेलकूद को दें बढ़ावा

प्रो. राय ने यह भी कहा कि विवि के पास अपना खेलकूद का मैदान है। यहां होने वाली प्रतियोगिताओं में कॉलेज के छात्र-छात्राओं की सहभागिता को बढ़ाएं। साथ ही कॉलेज अपने यहां भी खेलकूद का आयोजन करें।

वीसी ने किया निरीक्षण

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय ने सोमवार को न्यू कैंपस स्थित लॉ, एमबीए व योगा की कक्षाओं का निरीक्षण किया। लॉ में उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि काफी कोर्स पूरा कर लिया गया है। उन्होंने योग व एमबीए में आवश्यक सुझाव भी दिए। एमबीए के इंडक्शन में भी वे शामिल हुए। (माई सिटी रिपोर्टर)

यूजी के परीक्षा फॉर्म भरें

लखनऊ। नेशनल पीजी कॉलेज में सत्र 2022-23 की बीए, बीएससी व बीकॉम पहले सेमेस्टर की परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। कॉलेज प्रशासन ने सोमवार को कॉलेज वेबसाइट पर ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की भी प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र सिंह ने बताया कि एनईपी के तहत छात्रों को तीन मेजर पाठ्यक्रमों व चौथा माइनर इलेक्टिव पेपर का चयन करना है। जबकि पांचवां पेपर वोकेशनल-स्किल का होगा। विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरकर जरूरी कागजात के साथ संबंधित काउंटर पर 26 नवंबर तक जमा कर सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

पीजी में अब भी खाली हैं सीटें

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि की सत्र 2022-23 की परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया आखिरी चरण में है लेकिन अब भी कई विषयों में सीटें खाली हैं। यहां तक कि विवि की ओर से एमएससी बॉटनी व एमएससी माइक्रोबायोलॉजी का चौथा कटऑफ जारी किया गया है। इसमें सीट अलॉटमेंट वाले अभ्यर्थियों को 15 नवंबर तक अपना शुल्क जमा करना होगा। अगर इसके बाद भी सीटें नहीं भरती हैं तो फिर अगला अलॉटमेंट जारी किया जाएगा।

एमएड का सीट अलॉटमेंट मंगलवार 15 नवंबर को जारी किया जाएगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि अभ्यर्थी अपनी लॉगिन-आईडी से दोपहर 12 बजे के बाद देख सकते हैं। जिनको सीट आवंटित हो गई है वे 15 से 18 नवंबर तक अपनी फीस जमा कर दें। एमवीए-एमएफए का भी दूसरा सीट अलॉटमेंट मंगलवार दोपहर 12 बजे जारी किया जाएगा। अभ्यर्थी 15 से 17 नवंबर तक फीस जमा कर सकेंगे।

एमएससी बॉटनी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी में आज फीस जमा कराकर ले सकते हैं प्रवेश

एमएड, एमवीए-एमएफए के लिए सीट अलॉटमेंट आज

खुनखुन जी में भी सीटें खाली

लविवि से संबद्ध कॉलेजों में भी अभी यूजी-पीजी की सीटें खाली हैं। प्राचार्या प्रो. अंशू केडिया ने बताया कि कॉलेज में बीए व एमए एजुकेशन की सीटें खाली हैं। इच्छुक छात्राएं प्रवेश के लिए कॉलेज में संपर्क करें।

एलयू की टीम ने जीता कांस्य पदक

LUCKNOW (14 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला वालीबाल की टीम ने बीते नौ से 13 नवंबर तक मऊ में हुई 71वीं सीनियर स्टेट वालीबाल प्रतियोगिता मेंकांस्य पदक जीता. विजेता टीम सीमा सुरक्षा बल लखनऊ और उपविजेता आजमगढ़ की टीम रही. सोमवार को एलयू के मंथन सभागार में महिला खिलाड़ियों की टीम के सदस्यों को वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित किया. इस अवसर पर कुलसचिव संजय मेधावी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रोफेसर रूपेश कुमार, सचिव डा. राहुल पांडे, वालीबाल क्लब के अध्यक्ष डॉ. तारिक आदि मौजूद रहे.

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

उपक्रम ने मांगा एनआईआरएफ का डाटा

लखनऊ। लविवि में स्थापित उत्तर प्रदेश सेंटर फॉर रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप (उपक्रम) की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने राज्य विश्वविद्यालयों से एनआईआरएफ का डाटा मांगा है। प्रो. टंडन ने बताया कि एनआईआरएफ के लिए रजिस्ट्रेशन कराने की तिथि बढ़ाकर 16 नवंबर कर दी गई है। प्रदेश के 11 राज्य विश्वविद्यालयों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इस क्रम में आवेदन करने वाले विश्वविद्यालयों से डाटा मांगा है, ताकि उसे बेहतर किया जा सके। (माई सिटी रिपोर्टर)

i-NEXT PAGE 4

100 से ज्यादा स्टूडेंट्स को मिल गया प्लेसमेंट

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल जल्द कई और कंपनियों में उपलब्ध कराएगी अवसर

LUCKNOW (14 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय को नैक ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद अब बड़ी संख्या में कंपनियां यहां के स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट देने के लिए आगे आई हैं. नैक मूल्यांकन के बाद पिछले एक महीने में सेंट्रल प्लेसमेंट सेल के जरिए 100 से ज्यादा विद्यार्थियों को प्लेसमेंट भी मिल गया. बड़ी कंपनियों में नौकरी मिलने से स्टूडेंट्स भी खुश हैं.

यूनिवर्सिटी का बढ़ा मान

सेंट्रल प्लेसमेंट सेल की डायरेक्टर प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि नैक प्लस प्लस ग्रेड से विश्वविद्यालय का देश भर में मान बढ़ा है. यही वजह है कि काफी कंपनियां यहां के विद्यार्थियों को प्लेसमेंट देने के लिए लगातार आ रही हैं. एक महीने में ही 100 से ज्यादा को प्लेसमेंट मिल चुका है. कंपनियों ने विद्यार्थियों के आफर लेटर भी जारी कर दिए. प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देशन में प्लेसमेंट सेल अधिक से अधिक स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है.

JAGRAN CITY PAGE I, II & III

लखनऊ और गंगा के मैदान में मध्य स्तरीय भूकंप की ही आशंका

जासं, लखनऊ: बाढ़, सूखा, सुनामी, चक्रवात व भूस्खलन की तरह भूकंप भी एक प्राकृतिक घटना है, आपदा नहीं। मानव जीवन के पहले भी ये घटनाएं होती थीं और भविष्य में भी होती रहेंगी। चूंकि कुछ स्थानों पर भूकंप से मानव जीवन प्रभावित हुआ है, इसलिए यह आपदा बन गया है। अगर प्राकृतिक घटनाओं से धन और जन की हानि न हो तो वह आपदा नहीं कही जा सकती। अगर हम अपने देश की बात करें तो विश्व की ढाई प्रतिशत जमीन पर 17 प्रतिशत आबादी रहती है तो इसका कुछ प्रतिकूल असर तो महसूस होगा ही। हम असुरक्षित स्थानों पर भी रहने को मजबूर हैं या फिर इन स्थानों पर रहने में गुरेज नहीं करते। मगर सबसे अच्छी और सुखद बात यह है कि लखनऊ और आसपास गंगा के मैदान का अधिकांश क्षेत्र भूकंप जोन तीन में आता है। इस क्षेत्र में मध्य स्तरीय भूकंप की ही आशंका रहती है।

बीते एक सप्ताह में तीन बार आ चुके भूंकप और उसके कारणों को लेकर सोमवार को दैनिक जागरण कार्यालय में आयोजित 'जागरण विमर्श' में लखनऊ विश्वविद्यालय के भूविज्ञान विभाग के प्रोफेसर व भूगर्भशास्त्री ध्रुवसेन सिंह ने विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने बताया कि भूकंप के मुख्य कारण प्लेट टेक्टानिक (विवर्तनीकी) क्रियाएं, वलन, भ्रंश आदि हैं। गंगा के मैदान में जो भ्रंश हैं वे अभी निष्क्रिय हैं और सतह पर उनके सक्रिय होने का अभी तक कोई प्रमाण नहीं मिला। अगर गंगा के मैदान में ये सब सक्रिय हो भी जाएं तो इस मैदान के अवसाद झटकों को आसानी से झेल सकेंगे। यह भूकंप से होने वाले नुकसान को बेहद कम कर देते हैं। कुल मिलाकर कह सकते हैं कि भूंकप से गंगा के मैदान में रहने वाले काफी हद तक तरह सुरक्षित हैं। हिमालय प्लेट टेक्टानिक रूप से सक्रिय है, इसलिए हिमालय में भूकंप आते रहते हैं। ऐसे में लखनऊ और गंगा के मैदान का वह क्षेत्र जो हिमालय से दूर है वह भूकंप से सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि हिमालय गतिशील है। भारतीय प्लेट अभी भी उत्तर की दिशा में 6.5 सेंटीमीटर प्रतिवर्ष की दर से खिसक रही है। उत्तर की ओर बढ़ती भारतीय प्लेट और दक्षिण की ओर आ रही यूरेशियन प्लेट के टकराने से ही विशालकाय हिमालय पर्वत का निर्माण हुआ है। पृथ्वी के अंदर एकत्रित ऊर्जा, जो कमजोर स्थानों से बाहर निकलने का प्रयास करती है, वही भूकंप लाती है।

'जागरण विमर्श' में लवि के भू विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने भूकंप और उसके प्रभावों पर दी विस्तापूर्वक जानकारी

प्रो. ध्रुवसेन सिंह ● जागरण

जागरण विमर्श

क्षणभंगुर है भूकंप

भूकंप क्षणभंगुर पदार्थों पर प्रभाव दिखाता है। अगर किसी भी तरीके से हम क्षणभंगुर की विशेषता को बदल दें तो हम भूकंप से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। इसलिए मकानों में लोहे की क्षण, लकड़ी, प्लास्टिक के प्रयोग को बढ़ाया जाना चाहिए।

न्यूमारकेली स्केल पर भी मापा जाए भूकंप का पैमाना

प्रोफेसर ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि अभी भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर मापी जाती है, जो जिस जगह पर भूकंप आता है, उसके मैग्नीट्यूड को बताता है। अगर हम यही न्यूमारकेली स्केल पर मापें, तो उसका पैमाना लखनऊ में जीरो होगा। क्योंकि न्यूमारकेली स्केल भूकंप से कितना नुकसान हुआ, इसे मापता है। ऐसे में न्यूमारकेली स्केल से भी भूकंप का पैमाना बताया जाना चाहिए, ताकि लोगों में भय न हो। भूकंप किसी को नहीं मारता है। यह बिल्डिंग के गिरने के कारण उससे जन और धन की हानि होती है।

राज्य विश्वविद्यालयों की सुधारी जाएगी रैंकिंग

'उपक्रम' करेगा बेहतर रैंकिंग की राह आसान

iSPECIAL

उपक्रम की टीम बताएगी रैंकिंग के लिए श्रेष्ठ प्रस्तुति के तरीके

11 राज्य विश्वविद्यालयों ने इसके लिए कराया पंजीकरण

18 तक बढ़ाई गयी पंजीकरण की तिथि नवंबर

LUCKNOW (14 NOV): उत्तर प्रदेश सेंटर फार रैंकिंग एंड एक्रीडिटेशन मेंटरशिप (उपक्रम) की टीम राज्य विश्वविद्यालयों के लिए गुरु की भूमिका अदा करेगी. टीम ने नेशनल इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) में बेहतर रैंक के लिए गाइडलाइन बनाने की तैयारी शुरू कर दी है. उपक्रम की महानिदेशक प्रोफेसर पूनम टंडन ने एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए अनिवार्य पांच में से चार क्राइटेरिया का डेटा इन राज्य विश्वविद्यालयों से मांगा है. इसका अध्ययन कर तैयारी और बेस्ट डेटा प्रेजेंटेशन के सुझाव दिए जाएंगे.

गवर्नर ने दिया है आदेश

कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर लखनऊ विश्वविद्यालय में उपक्रम केंद्र स्थापित किया जा चुका है. प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए अभी सात नवंबर तक पंजीकरण का मौका था. लखनऊ विश्वविद्यालय सहित प्रदेश के 11 राज्य विश्वविद्यालयों ने इसके लिए पंजीकरण भी करा लिया. अब पंजीकरण की तिथि बढ़कर 18 नवंबर तक कर दी गई है ताकि अन्य विश्वविद्यालय भी इसके लिए पंजीकरण कर सकें.

पांच बिंदुओं पर बताएंगे कैसे प्रस्तुत करें डेटा

एनआईआरएफ रैंकिंग के लिए पांच क्राइटेरिया प्रमुख होते हैं. इनमें टीचिंग एंड लर्निंग, रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस के लिए 30-30 प्रतिशत, ग्रेजुएशन आउटकम में 20 प्रतिशत, आउटरीच एंड इंक्लूसिविटी की में 10 प्रतिशत और विश्वविद्यालय के प्रति विचार पर 10 प्रतिशत वेटेज होता है. पहले चार क्राइटेरिया का डेटा राज्य विश्वविद्यालयों से मांगा गया है. डेटा का अध्ययन करने के बाद चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के साथ चर्चा करके राज्य विश्वविद्यालयों को एनआइआरएफ पोर्टल पर बेस्ट डेटा प्रजेंटेशन के तरीके बताएंगे.

डेटा देने के लिए शेड्यूल

16 नवंबर
- टीचिंग एंड लर्निंग

19 नवंबर
- रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रैक्टिस

23 नवंबर
- ग्रेजुएशन आउटकम

23 नवंबर
- आउटरीच एंड इंक्लूसिविटी

इन्हें देना होगा डेटा

- लखनऊ यूनिवर्सिटी, लखनऊ
- महात्मा ज्योतिबा फुले विश्वविद्यालय, बरेली
- छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
- एसजीपीजीआईएमएस, लखनऊ
- केजीएमयू, लखनऊ
- मदन मोहन मालवीय टेक्नोलोजिकल यूनिवर्सिटी, गोरखपुर
- नरेंद्र देव एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी यूनिवर्सिटी, अयोध्या
- महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी
- चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी, कानपुर
- चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी, मेरठ,
- बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी, झांसी

एलयू एमबीए स्टूडेंट्स के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम

एलयू में वीसी की मौजूदगी में कार्यक्रम का किया गया आयोजन

LUCKNOW (14 NOV): लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आईएमएस) में सोमवार को एमबीए में इस साल प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास (ओरियंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीसी प्रो. आलोक कुमार राय रहे. उन्होंने एमबीए मार्केटिंग एंड फाइनेंस कंट्रोल, इंटरनेशनल बिजनेस, इंटरप्रिन्योरशिप एवं फैमिली बिजनेस में प्रवेशित स्टूडेंट्स को डिग्री, प्रबंध पेशेवर और प्रशासक के बीच अंतर समझाया और उच्च पैकेज प्लेसमेंट पाने के लिए योग्यता, कौशल का महत्व बताया.

किया गया स्वागत

आईएमएस की ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें विभाग के कार्यक्रमों के सहयोग से अपने कौशल को विकसित करने एवं उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया. डॉ. प्रिया ने प्रबंधन विज्ञान में विभाग, संकाय और पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए.

PIONEER PAGE 3

एलयू का दीक्षान्त समारोह इस बार नवीन परिसर में, कालेजों के लगेंगे झंडे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

आगामी 12 दिसंबर को प्रस्तावित लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह इस बार मुख्य परिसर के स्थान पर नवीन परिसर में मनाये जाने की संभावना है। समारोह के दौरान समारोह स्थल पर कालेजों के अपने-अपने झंडे लगे होंगे। इस बावत सोमवार को विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में सोमवार को रायबरेली और हरदोई जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ सम्पन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया।

बैठक में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय इस बार द्वितीय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन करने पर विचार कर रहा है। आगामी दीक्षांत समारोह के लिए उन्होंने कहा कि आप लोग इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने-अपने महाविद्यालयों के झंडे दीक्षांत समारोह स्थल के आसपास लगाएं। साथ 25 नवंबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसमें भी आप सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य आमंत्रित किए जायेंगे। आप लोग उस आयोजन में आएं। इसके बाद उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने छात्र छात्राओं के लिए वोकेशनल और को.करिकुलर कोर्स की शुरुआत की है। उसको अपने कालेज में भी लागू करें जिससे छात्रों को अध्ययन की अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपना क्रीडांगन है। आपके कॉलेज में भी खेल का मैदान होता है। आप विश्वविद्यालय में होने वाले खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपने छात्र छात्राओं के सहभागिता को बढ़ाएं और अपने यहां भी खेलकूद के कार्यक्रम का आयोजन करें जिससे यहां के छात्र छात्रायें वहां पर अपनी सहभागिता को भी सुनिश्चित करें।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि : दीक्षांत समारोह को लेकर कुलपति की बैठक

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के आरके मुखर्जी सभागार में रायबरेली और हरदोई जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एक बैठक की, जिसमे उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय इस बार द्वितीय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन करने पर विचार कर रहा है। आगामी दीक्षांत समारोह के लिए अपने-अपने महाविद्यालयों के झंडे दीक्षांत समारोह स्थल के आसपास लगाएं।

25 नवंबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसमें भी आप सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य आमंत्रित किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने छात्र छात्राओं के लिए वोकेशनल और को-करिकुलर कोर्स की शुरूआत की है। उसको अपने कालेज में भी लागू करें जिससे छात्रों को अध्ययन की अधिक से अधिक सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के पास अपना क्रीडांगन है।

नए जिलों के महाविद्यालयों को मिली कई प्रकार की सहूलियत

आपके कॉलेज में भी खेल का मैदान होता है। आप विश्वविद्यालय में होने वाले खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपने छात्र छात्राओं के सहभागिता को बढ़ाएं और अपने यहां भी खेलकूद के कार्यक्रम का आयोजन करें जिससे यहां के छात्र छात्रायें वहां पर अपनी सहभागिता को भी सुनिश्चित करें।

छात्रों को दी धूम्रपान के नुकसानों की जानकारी

लखनऊ। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय में प्रथम वर्ष के इंडक्शन प्रोग्राम (शैक्षणिक सत्र 2022-23) के पहले दिन वाल दिवस पर 'तंबाकू के खतरे के खिलाफ युवाओं को बचाओ (ऑनलाइन मोड) पर एक संवेदीकरण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वीसी एकेटीयू प्रो. (डा.) प्रदीप कुमार मिश्रा मौजूद रहे।

लवि : पहली बार द्वितीय कैंपस में होगा दीक्षा समारोह

महाविद्यालयों के प्रबंधकों और प्राचार्यों के साथ बैठक में कुलपति ने दी जानकारी

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय ने आगामी 12 दिसंबर होने वाले 65वें दीक्षा समारोह के स्थान में बदलाव कर दिया है। पहली बार यह समारोह जानकीपुरम स्थित द्वितीय परिसर में होगा। यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सोमवार को कालेजों के प्रबंधक एवं प्राचार्यों के साथ हुई बैठक में दी।

दोपहर तीन बजे जेके हाल में हुई बैठक में रायबरेली और हरदोई के कई कालेजों के प्रबंधक और प्राचार्य शामिल हुए। वहीं, कुछ ने आनलाइन माध्यम से भी प्रतिभाग किया। बैठक में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि दीक्षा समारोह इस बार विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में होगा। सभी कालेज के प्रबंधक एवं प्राचार्य इसमें शामिल हो सकते हैं। सभी वहां पर अपने यहां का रंगीन झंडा जरूर लगाएं। इससे पता चलेगा कि आप भी विश्वविद्यालय का हिस्सा हैं। जिन कालेजों के पास झंडा नहीं है तो वे बनवा लें। कुलपति ने आगामी 25 नवंबर को विश्वविद्यालय के 102वें स्थापना दिवस पर भी सभी प्राचार्य को शामिल होने के लिए कहा है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों व खेलकूद में भी करें प्रतिभाग : कुलपति ने कहा कि कालेजों को चाहिए कि वे अपने छात्र-छात्राओं को भी लखनऊ विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलकूद आदि में प्रतिभाग कराएं। साथ ही जिन कालेज में जिन खेल के मैदान आदि की सुविधा है, वहां भी आयोजन कराए जाएं। इससे छात्र-छात्राओं में भी उत्साह बढ़ेगा।

नए वोकेशनल और को-करिकुलर कोर्स तैयार : लखनऊ विश्वविद्यालय के विभागों ने नए वोकेशनल और को-करिकुलर कोर्स तैयार किए हैं। जल्द ही वेबसाइट पर इसकी सूची जारी की जाएगी। कालेज अपनी सुविधा के अनुसार इसका चयन कर सकते हैं ताकि उनके छात्र-छात्राओं को पढ़ने में आसानी हो।

मेडल के लिए विभागों से आए नाम: लवि ने दीक्षा समारोह के लिए चांसलर, वाइस चांसलर और चक्रवर्ती गोल्ड मेडल के लिए पात्र छात्र-छात्राओं के नाम मांगे थे। परीक्षा विभाग के मुताबिक विभागों से नाम आ गए हैं। अब स्क्रीनिंग करने के बाद साक्षात्कार की तिथि तय होगी।

एमबीए के छात्रों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आइएमएस) में सोमवार को एमबीए में इस साल प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए अभिविन्यास (ओरियंटेशन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय रहे। उन्होंने एमबीए मार्केटिंग एंड फाइनेंस कंट्रोल, इंटरनेशनल बिजनेस, इंटरप्रिन्योरशिप एवं फैमिली बिजनेस में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को डिग्री, प्रबंध पेशेवर और प्रशासक के बीच अंतर समझाया और उच्च पैकेज प्लेसमेंट पाने के लिए योग्यता, कौशल का महत्व बताया। आइएमएस की ओएसडी प्रोफेसर विनीता काचर ने छात्रों का स्वागत कर उन्हें विभाग के कार्यक्रमों के सहयोग से अपने कौशल को विकसित करने एवं उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। डा. प्रिया ने प्रबंधन विज्ञान में विभाग, संकाय और पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए।

लवि स्थापना दिवस की तैयारी शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय में 102वें स्थापना दिवस की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय एल्युमिनाई फाउंडेशन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आयोजन के लिए साज सज्जा, पब्लिकेशन, आमंत्रण सहित विभिन्न कमेटियां बनाने के लिए कहा। विश्वविद्यालय को भव्य तरीके से सजाया जाएगा। समारोह में विश्वविद्यालय पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाने की तैयारी है।

एमवीए/एमएफए/एमएड की सेकेंड एलॉटमेंट लिस्ट आज

लखनऊ। विश्वविद्यालय की परास्नातक प्रवेश 2022.23 के अंतर्गत एमवीए/एमएफए/एमएड की सकेंड सीट अलॉटमेंट मंगलवार को जारी किया जाएगा। मेरिट के अनुसार बची सीटों के सापेक्ष जारी किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आई डी का प्रयोग करके मंगलवार दोपहर 12 बजे के बाद सीट अलॉटमेंट देख लें। साथ ही जिनको सीट आवंटित हो गयी है, वे अभ्यर्थी 17 नवंबर तक फीस जमा कर लें।

सीनियर स्टेट वालीबाल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान पाने वाली लवि की महिला वालीबाल टीम को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सम्मानित किया ● सौजन्य: लवि

वालीबाल प्रतियोगिता में लवि की टीम ने जीता कांस्य पदक

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला वालीबाल की टीम ने बीते नौ से 13 नवंबर तक मऊ में हुई 71वीं सीनियर स्टेट वालीबाल प्रतियोगिता में तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक जीता। विजेता टीम सीमा सुरक्षा बल लखनऊ और उपविजेता आजमगढ़ की टीम रही। सोमवार को लवि के मंथन सभागार में महिला खिलाड़ियों की टीम के सदस्यों को कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने सम्मानित किया। मेडल एवं प्रमाण पत्र के साथ उपहार देकर सभी का उत्साहवर्धन किया। महिला खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर इसे ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर कुलसचिव संजय मेधावी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रोफेसर रूपेश कुमार, सचिव डा. राहुल पांडे, वालीबाल क्लब के अध्यक्ष डा. तारिक व अन्य उपस्थित रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार बदलेगा दीक्षांत समारोह स्थल

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय इस बार दीक्षांत समारोह स्थल बदलेगा। इसको लेकर विचार किया जा रहा है कि इस बार 25 नवंबर को स्थापना दिवस पर विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन करेगा। इसको लेकर सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के आरके मुखर्जी सभागार में रायबरेली और हरदोई जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एक बैठक हुई और दीक्षांत समारोह स्थल बदलने को लेकर चर्चा की गई।

लखनऊ विश्वविद्यालय के आरके मुखर्जी सभागार में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने रायबरेली और हरदोई जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ एक बैठक करते हुए बताया की 25 नवंबर को विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसमें भी आप सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य आमंत्रित किए जायेंगे। आप लोग उस आयोजन में आएं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय इस बार द्वितीय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन करने पर विचार कर रहा है। आगामी दीक्षांत समारोह के लिए उन्होंने कहा कि आप लोग इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। अपने-अपने महाविद्यालयों के झंडे दीक्षांत समारोह स्थल के आसपास लगाएं।

आयोजन

- विश्वविद्यालय इस बार द्वितीय परिसर में दीक्षांत समारोह का आयोजन करने पर कर रहा है विचार

महाविद्यालयों को सहभागिता बढ़ाने की सलाह

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं के लिए वोकेशनल और को-करिकुलर कोर्स की शुरुआत की है। उ